बरेली, सोमवार
4 मई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, MIDDLE

श्याम कली के जादू ने दर्शकों को गुदगुदाया

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम नाटक 'श्याम कली का जादू'' का मंचन हुआ। इसकी कहानी दो किराएदारों विजय और श्याम के इर्द-गिर्द घूमती है, जो किराया न दे पाने से परेशान हैं। इसी बीच विजय मकान मालिक की बेटी को प्रपोज करने के लिए श्याम को लड़की के रूप में तैयार करता है, ताकि वह अभ्यास कर सके। स्थिति उस समय हास्यपूर्ण मोड़ लेती है, जब अचानक मकान मालिक वहां पहुंच जाता है और हालात को संभालने के लिए श्याम को ''आंटी'' बनाकर पेश किया जाता है।

नाटक में घटनाओं की श्रृंखला और भी मजेदार हो जाती है, जब मकान मालिक स्वयं ''आंटी'' को पसंद करने लगता है और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता है। नाटक का चरम दृश्य तब सामने आता है जब खींचतान के दौरान ''आंटी'' की साड़ी खुल जाती है और उनकी असलियत उजागर हो जाती है। इस दृश्य ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज उठा। नाटक में श्याम ने ''आंटी'' के किरदार में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

रिद्धिमा में नाटक मंचन करते कलाकार ● सौ. आयोजक

कलाकारों की प्रतिभा ने किया आकर्षित: लेखक डा. प्रदीप कुमार लिखित और अमर साह निर्देशित इस नाटक ने अपनी हल्की-फुल्की कहानी और शानदार अभिनय के दम पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नाटक में अमर साह (श्याम), कौशल (विजय), सौरभ राय (मकान मालिक) ने भी अपनी भूमिकाओं में दर्शकों की तालियां हासिल कीं। नाटक में प्रकाश संचालन प्रियांशु ने किया और संगीत प्रशांत ने दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।